हिमाचल प्रदेश सरकार

वार्षिक
सामान्य प्रशासनिक
रिपोर्ट

2024-2025

योजना विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार

शिमला - **171002**

विषय सूची

क्रम संख्या	विषय	पृष्ठ
1.	पृष्ठभूमि एवं परिचय	1
2.	योजना विभाग–स्टाफ स्थिति	1-2
3.	संगठनात्मक चार्ट	3-4
4.	संगठनात्मक ढांचा	4
4.1.	राज्य योजना बोर्ड	4-6
4.2.	मुख्यालय	6-31
	(I) प्रशासन प्रभाग	7
	(II) योजना प्रारूपण व योजना कार्यान्वयन प्रभाग	7-11
	(III) पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना, 20 सूत्रीय कार्यक्रम प्रभाग, आकांक्षी जिला कार्यक्रम व आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम	11-14
	(IV) क्षेत्रीय एवं जिला नियोजन प्रभाग	15-21
	(V) बाह्य सहायता प्राप्त परियोजना प्रभाग	22-24
	(VI) नाबार्ड–ग्रामीण आधारभूत संरचना निधि प्रभाग	25-29
	(VII) मूल्यांकन प्रभाग	30
	(VIII) विधायक प्राथमिकता योजना प्रभाग	30
	(IX) कम्प्यूटर प्रभाग	31
4.3.	जिला कार्यालय	32
4.4.	सूचना का अधिकार नियम 2005	33-41

1. पृष्ठभूमि एवं परिचय :

पंचवर्षीय योजनाओं और वार्षिक योजनाओं को तैयार करने और वैज्ञानिक आधार पर उनके अनुवर्ती कार्यक्रमों के लिए सचिवीय सेवाएं प्रदान करने के लिए, योजना आयोग, भारत सरकार ने 1972–73 के दौरान हिमाचल प्रदेश में राज्य योजना मशीनरी की स्थापना की थी। वर्तमान में योजना विभाग का दायित्व राज्य विकास बजट प्राथमिकताओं एवं सकल विकास बजट परिव्यय को निर्धारित करना, विभिन्न घटकों/सेवाओं के लिए धनराशि चिन्हांकित करना तथा वार्षिक राज्य विकास बजट को तैयार करना है। इसके अतिरिक्त योजनाओं/परियोजनाओं का मूल्यांकन एवं अध्ययन करना, विकेन्द्रीकृत नीति को बढ़ावा देना, विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की नियमित समीक्षा, योजना विकास बजट का कार्यान्वयन, बाह्य–सहायता प्राप्त परियोजनाओं का विश्लेषण और नाबार्ड से प्राप्त निधि आर.आई.डी.एफ. के अंतर्गत योजनाओं का कार्यान्वयन आदि कार्य किये जा रहे हैं। योजना विभाग द्वारा जन–शक्ति एवं रोजगार सृजन, पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना तथा 20–सूत्रीय कार्यक्रम, सतत् विकास लक्ष्य, आंकाक्षी जिला कार्यक्रम/आंकाक्षी ब्लॉक कार्यक्रम, नीति आयोग के साथ विभिन्न मुद्दों पर समन्वय व मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन से सम्बन्धित कार्य, नीति आयोग की शाषी परिषद इत्यादि कार्य भी किया जा रहा है ।

2. योजना विभाग–स्टाफ स्थिति :

क0 सं0	पद नाम	स्वीकृत पद	भरे गए पद	रिक्त पद
1.	2.	3.	4.	5.
1.	अध्यक्ष, रोजगार सृजन एवं संसाधन	1	0	1
2.	अध्यक्ष, 20–सूत्रीय कार्यक्रम	1	0	1
3.	उपाध्यक्ष, राज्य योजना बोर्ड	1	1	0
4.	सलाहकार (योजना)	1	1	0
5.	संयुक्त निदेशक	1	1	0
6.	उप–निदेशक	6	4	2
7.	अनुसंधान अधिकारी/जिला योजना अधिकारी	22	15	7
8.	साख योजना अधिकारी	10	10	0
9.	सहायक अनुसंधान अधिकारी	17	8	9
10.	सांख्यिकीय सहायक	21	14	7

11.	गणक	2	2	0
12.	सिस्टम ऐनालिस्ट	1	1	0
13.	प्रोग्रामर	1	1	0
14.	कार्यक्रम योजना अधिकारी	1	0	1
15.	संगणक संचालक	1	0	1
16.	निजि सचिव	1	0	1
17.	निजि सहायक	1	0	1
18.	वरिष्ठ आशुलिपिक	2	2	0
19.	कनिष्ठ आशुलिपिक	6	5	1
20.	आशुटंकक	3	3	0
21.	कनिष्ठ कार्यालय सहायक	20	17	3
22.	अधीक्षक श्रेणी–।	1	0	1
23.	अधीक्षक श्रेणी–।।	2	1	1
24.	वरिष्ठ सहायक	16	11	5
25.	लिपिक	12	11	1
26.	प्रतिलिपि यन्त्र चालक	1	1	0
27.	चालक	5	5	0
28.	चपड़ासी	20	20	0
29.	फ्राश	1	1	0
30.	जमादार	1	1	0
31.	सफाई कर्मचारी	1	1	0
कुल		**180**	**137**	**43**

3. संगठनात्मक चार्ट :





4. संगठनात्मक ढांचा :

योजना विभाग के संगठनात्मक ढांचे का विवरण निम्न हैः–

1. राज्य योजना बोर्ड।
2. मुख्यालय।
3. जिला कार्यालय।

4.1 राज्य योजना बोर्डः

I. राज्य योजना बोर्ड की संरचनाः–

(i) **अध्यक्ष–माननीय मुख्यमन्त्री**

(ii) **उपाध्यक्ष – राज्य सरकार द्वारा नियुक्त**

(iii) **गैर–सरकारी सदस्य**

1. समस्त केबिनेट मंत्री, हिमाचल प्रदेश ।
2. हिमाचल प्रदेश से सम्बन्धित समस्त सांसद (लोक सभा एवं राज्य सभा) – अलग से अधिसूचित ।
3. किसान, उद्योग एवं व्यापार, अनुसूचित जाति,जन–जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के एक–एक प्रतिनिधि – अलग से अधिसूचित ।
4. भूतपूर्व सांसद/विधायक एवं वर्तमान विधायक–अलग से अधिसूचित ।
5. सेवानिवृत मुख्य सचिव/सरकारी अधिकारी–अलग से अधिसूचित ।

(iv) **सरकारी सदस्य**

1. मुख्य सचिव
2. समस्त प्रशासनिक सचिव
3. हिमाचल प्रदेश में समस्त सरकारी विश्वविद्यालयों के उप–कुलपति

(v) **पदेन सदस्य (Ex Officio)**

1. अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्रीज
2. सी.जी.एम. नाबार्ड, शिमला

(vi) **सदस्य सचिव : सलाहकार (योजना)**

II. नियुक्ति की शर्तेः सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित की जाती हैं।

III. योजना बोर्ड मुख्यालयः योजना बोर्ड का मुख्यालय शिमला में है परन्तु इसकी बैठकें किसी भी स्थान पर अध्यक्ष की अनुमति से की जा सकती हैं।

IV. योजना बोर्ड के कार्यः

- राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप प्रदेश की योजना प्राथमिकताओं का निर्धारण।
- वित्तीय संसाधनों एवं जन–शक्ति की संगठनात्मक एवं संस्थापक योग्यताओं का आकलन।
- प्रदेश में महत्वपूर्ण सैक्टर, जिलों, क्षेत्रों इत्यादि में विकास का आकलन।
- प्रदेश के सीमित संसाधनों के इष्टतम् उपयोग हेतु योजना तैयार करना, राज्य सरकार के वार्षिक विकास बजट को तैयार करने में सहायता करना तथा विभिन्न क्षेत्रों में विकास आकलन करना ताकि राज्य के सामाजिक, आर्थिक विकास की अधिकतम सीमा प्राप्त की जा सके।
- राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में आने वाली बाधाओं कारणों की पहचान तथा राज्य की योजनाओं का सफलतापूर्वक कार्यन्वयन का निर्धारण।

- प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में विद्यमान विकासात्मक असंतुलनों को दूर करने के लिए नीति निर्धारण तथा जिला एवं क्षेत्रीय योजनाओं के प्रारूपीकरण में सहायता करना ।

- योजना कार्यन्वयन की सामयिक समीक्षा तथा प्रदेश की नीति एवं कार्यक्रमों में सुधार के सुझाव।

- चालू कार्यक्रमों की विवेचनात्मक समीक्षा तथा कार्यक्रमों के निरन्तरीकरण पर सुझाव।

- बेराजगारी की समस्या के निदान के सम्बन्ध में राज्य सरकार को सलाह देना।

- सरकार द्वारा बोर्ड को प्रेषित आर्थिक विकास के मामलों पर सलाह देना।

- वर्तमान आर्थिक स्थिति एवं नीतियों का विशलेषण करना और प्रदेश के विकास के लिए विकासात्मक कार्यक्रमों के उपयुक्त कार्यन्वयन एवं सुधार के सम्बन्ध में उचित सुझाव देना।

- योजना कार्यक्रमों से सम्बन्धित सूचना का एकत्रीकरण एवं विशलेषण करना।
- सरकारी निगमों एवं बोर्डो की कार्य प्रणाली का परीक्षण तथा उनमें सुधार लाने के सुझाव देना।

- जिला स्तर पर विकेन्द्रीकृत नियोजन कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में आने वाली कठिनाईयों का पता लगाना तथा इन कठिनाईयों के निराकरण एवं समाधान के उपाय सुझाना।

- अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रमों/योजनाओं एवं निगमों का मूल्यांकन करना।

4.2. मुख्यालयः

सरकारी नियमावली के अनुसार सरकारी कार्यों के निष्पादन हेतु योजना विभाग निम्नलिखित ढांचे के अनुसार कार्य कर रहा है :–

1.	सम्बन्धित मंत्री	माननीय मुख्य मन्त्री, हिमाचल प्रदेश शिमला–2.
2.	प्रशासनिक सचिव	प्रधान सचिव (योजना) हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला–2.
3.	विभागाध्यक्ष	सलाहकार (योजना) हिमाचल प्रदेश, शिमला–2

सलाहकार (योजना), विभागाध्यक्ष हैं । योजना विभाग में विभिन्न प्रभाग जैसे कि योजना प्रारूपण, योजना कार्यन्वयन, कम्पयूटरीकरण, मूल्यांकन,

जनशक्ति एवं रोजगार, प्रशासन, क्षेत्रीय एवं जिला नियोजन, पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना, 20–सूत्रीय कार्यक्रम, आर.आई.डी.एफ., विधायक प्राथमिकताएँ, बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं (EAPs), SDGs, आंकाक्षी जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रम कार्य कर रहे हैं। ये सभी प्रभाग संयुक्त निदेशक/ उप–निदेशकों के नियन्त्रण में कार्य कर रहे हैं। संयुक्त निदेशक, सलाहकार (योजना) के नियंत्रण में कार्य करते हैं तथा कार्य निष्पादन के लिए सलाहकार (योजना) का सहयोग करते हैं। संयुक्त निदेशक, कार्यालय अध्यक्ष के रूप में भी कार्य कर रहे हैं। प्रभागानुसार उद्देश्य, कार्यक्रम, विकास बजट आवंटन, व्यय का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

I. प्रशासन प्रभागः

संयुक्त निदेशक, (योजना) को विभाग में कार्यालय अध्यक्ष घोषित किया गया हैं। प्रशासन प्रभाग संयुक्त निदेशक की अध्यक्षता में कार्य करता है।

यह प्रभाग योजना विभाग की प्रशासनिक जरूरतों के अनुसार कार्य करता है। प्रभाग के मुख्य कार्य जैसे कि रिक्त पदों का भरना, पदोन्नति, स्थानांतरण, अधिकारियों/ कर्मचारियों की वार्षिक गोपनीय रिर्पोट, स्थाईकरण, भण्डार, स्थापना, बजट, लेखा आपत्ति, पीएसी, सीएजी, व अन्य विविध कार्य जो प्रभाग को सौंपे गए हैं, किये जा रहे हैं। वर्ष के दौरान प्रभाग द्वारा उपरोक्त वर्णित कार्य निष्पादित किए गए हैं।

II. योजना प्रारूपण व योजना कार्यान्वयन प्रभाग :

वर्ष (2024–25) में योजना प्रारूपण व योजना कार्यान्वयन प्रभाग को सौपें गए कार्यो का विवरण निम्न प्रकार से है :

योजना प्रारूपणः

योजना प्रारूपण प्रभाग मुख्य रूप से विकास बजट प्रारूपण हेतु सम्बन्धित प्रशासनिक सचिवों /विभागाध्यक्षों व अन्य हितधारकों के साथ बैठकें आयोजित करता है।इन बैठकों में हुई विस्तृत चर्चा के बाद राज्य के उपलब्ध संसाधनों व प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए वार्षिक राज्य विकास बजट का निर्धारण करता है। बजट निर्धारित करते समय जनजातीय विकास कार्यक्रम तथा अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के लिए निर्धारित प्रतिशतता मापदण्ड को भी सुनिश्चित कर विकास बजट को अन्तिम रूप देता है।

(क) बजट प्रारूपण प्रभाग द्वारा राज्य के विकास बजट (2025–26) का मसौदा तैयार करने के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया की गई :–

1. सभी सम्बन्धित विभागों से सितम्बर–अक्तूबर माह में विकास बजट प्रस्तावों को आमंत्रित किया गया।

2. वार्षिक विकास बजट (2025–26) के लिए विभिन्न विभागों की विकास प्राथमिकताओं पर चर्चा हेतु अक्तूबर, 2024 में श्रृंखलावार बैठकें आयोजित की गई थी।

3. विस्तृत चर्चा के बाद वर्ष 2025–26 के लिए वार्षिक विकास बजट का आकार निर्धारित किया गया और विकास शीर्ष वार विकास बजट तैयार करके Specific earmarking सहित सभी विभागाध्यक्षों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित किया गया कि वे वर्ष 2025–26 के विकास बजट को मुख्य शीर्ष/ उप मुख्य शीर्ष/ लघु शीर्ष/उप लघु शीर्ष/ एसओई वार तैयार करके वित्त विभाग को सम्बन्धित बजट अनुदान मांगों में सम्मिलित करने के लिए प्रेषित करें।

4. वार्षिक विकास बजट (2025–26) का कुल आकार मुवलिग 10515.00 करोड़ रूपये निर्धारित किया गया था जिसमें से राज्य विकास बजट के लिए मुवलिग 5235.00 करोड़ रूपये तथा केन्द्रीय विकास बजट के लिए मुवलिग 5280.00 करोड़ रूपये प्रस्तावित किए गए। जिनका विवरण तालिका–1 व तालिका–2 में निहित है।

5. वार्षिक राज्य/केन्द्रीय बजट का क्षेत्रवार विवरण निम्नानुसार हैः–

तालिका–1 राज्य विकास बजट

(रू0 करोड़ों में)

क्रम संख्या	**सैक्टर**	**वार्षिक राज्य विकास बजट (2025–26) का प्रस्तावित परिव्यय**
1.	**2.**	**3.**
1.	कृषि एंव सम्बन्धित सेवाएं	455.42
2.	ग्रामीण विकास	153.65
3.	विशेष क्षेत्र कार्यक्रम	4.00
4.	सिंचाई एंव बाढ़ नियन्त्रण	120.85
5.	ऊर्जा	843.72
6.	उद्योग एंव खनन	16.91
7.	संचार एंव परिवहन	819.63
8.	विज्ञान,प्रोद्योगिकी एंव पर्यावरण तथा सूचना प्रौद्योगिकी	6.01
9.	सामान्य आर्थिक सेवाएं	273.68
10.	सामाजिक सेवाएं	2505.03
11.	सामान्य सेवाएं	36.10
	कुल	**5235.00**

तालिका –2 केन्द्रीय विकास बजट

(रू0 करोड़ों में)

क्रम संख्या	सैक्टर	वार्षिक राज्य विकास बजट (2025–26) का प्रस्तावित परिव्यय
1.	2.	3.
1.	कृषि एंव सम्बन्धित सेवाएं	279.34
2.	ग्रामीण विकास	867.87
3.	विशेष क्षेत्र कार्यक्रम	0.00
4.	सिंचाई एंव बाढ़ नियन्त्रण	450.33
5.	ऊर्जा	0.00
6.	उद्योग एंव खनन	18.03
7.	संचार एंव परिवहन	800.00
8.	विज्ञान,प्रोद्योगिकी एंव पर्यावरण तथा सूचना प्रौद्योगिकी	0.00
9.	सामान्य आर्थिक सेवाएं	25.02
10.	सामाजिक सेवाएं	2765.43
11.	सामान्य सेवाएं	73.98
	कुल	**5280.00**

(ख) बजट आश्वासनों का कार्यान्वयन।

बजट प्रारूपण प्रभाग द्वारा वित वर्ष 2025–26 के लिए बजट आश्वासनों के विभागवार पैरा तैयार किए गए। इन आश्वासनों को हिम प्रगति पोर्टल पर अपलोड किया गया व सभी प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों से अपने विभागों से सम्बन्धित बजट आश्वासनों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। बजट आश्वासनों के प्रभावी कियान्वयन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठकों का आयोजन भी किया गया।

(ग) जैन्डर बजटिंग पुस्तिका।

महिलाओं के विरूद्ध होने वाले भेदभाव को समाप्त करने व लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए वार्षिक बजट 2025–26 में अलग से जैन्डर बजटिंग पर एक विस्तृत अध्याय व स्टेटमेंट तैयार किया गया है। इस पुस्तिका में राज्य में चल रही ऐसे सभी कार्यक्रमों /योजनाओं का वर्णन है जिन से सीधे तौर पर महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। इस पुस्तिका को भी बजट सत्र 2025–26 के दौरान राज्य विधान सभा में भी प्रस्तुत किया गया।

योजना कार्यान्वयन :

1. इस प्रभाग द्वारा विभिन्न विभागों से प्राप्त विचलन और पुनर्विनियोजन प्रस्तावों का विस्तृत परीक्षण किया गया। आवश्यकता व प्राथमिकता को मद्देनजर रखते हुए ही विचलन या पुनर्विनियोजन की अनुमति दी गई।
2. आधिक्य प्रस्तावों को किसी अन्य मद जिसमें व्यय की संभावनायें कम हों या कोई परियोजना जिसकी चालू वर्ष में क्रियान्वयन की संभावना न हो तथा सरकार की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुये उसमें से कटौती करके पूरा किया गया।
3. आधिक्य प्रस्तावों को तत्काल निपटान के लिये विभागों के साथ बैठकें भी आयोजित की गई।
4. इस अवधि में सभी सम्बन्धित विभागों से उनके प्रशासनिक विभागों के माध्यम से पुनर्विनियोजन के प्रस्ताव चिन्हांकित व गैर चिन्हांकित मदों में जांच और परीक्षण के लिये आमंत्रित किये गए।
5. इस अवधि में 295 मामले विभिन्न विभागों से प्रशासनिक विभागों के माध्यम से परामर्श हेतु योजना कार्यान्वयन प्रभाग में प्राप्त हुए, इनका परीक्षण किया गया तथा सक्षम प्राधिकारियों के पूर्व अनुमोदनोपरान्त प्राप्त करने के उपरान्त उचित परामर्श सम्बन्धित विभागों को दिया गया। इसके अतिरिक्त, विभिन्न विभागों से कई प्रस्ताव ई–ऑफिस पर भी प्राप्त हुए, जिनका परीक्षण किया गया।
6. बजट के अनुरूप योजना कार्यान्वयन करने के लिये सम्पूर्ण वार्षिक योजना को सॉफ्टवेयर के माध्यम से बजट से जोड़ा गया।

उपरोक्त के अतिरिक्त, योजना कार्यान्वयन प्रभाग द्वारा इस अवधि के दौरान निम्न गतिविधियाँ भी की गई हैंः–

1. सतत विकास लक्ष्यः

चूंकि योजना विभाग, हिमाचल प्रदेश में SDGs को लागू करने के लिए नोडल एजेंसी है, इसलिए SDGs के सम्बन्ध में सभी पत्राचार योजना कार्यान्वयन प्रभाग में निपटाए गए। योजना विभाग में Sustainable Development Goals Coordination and Acceleration Centre (SDGCAC) की स्थापना की गई है। 30 अक्तूबर, 2023 को GIZ और नीति आयोग के बीच "Support to the Green and Sustainable Development Partnership" (GSDP) Project के कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। GIZ और नीति आयोग के सहयोग से योजना विभाग द्वारा SDGs के स्थानीयकरण के लिए 19 नवम्बर, 2024 को Support to the Green and Sustainable Development Partnership (GSDP) – NITI Aayog Project का सफलतापूर्वक शुभारम्भ किया गया है।

2. भारत सरकार से विशेष सहायताः

चूंकि भारत सरकार 2020–21 से विभिन्न पूंजीगत कार्यों के लिए राज्यों को विशेष सहायता जारी कर रही है, इसलिए इस प्रभाग द्वारा भारत सरकार से प्राप्त विशेष सहायता से सम्बन्धित पत्राचार किया गया।

वित्तीय वर्ष 2024–25 में राज्य सरकार को भारत सरकार से विशेष सहायता के रुप में मुबलिग 2381.37 करोड़ प्राप्त हुए जिसे हिमाचल प्रदेश के विभिन्न विभागों के विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लिए जारी किया गया।

III. पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना व 20–सूत्रीय कार्यक्रम प्रभागः

1. पिछड़ा क्षेत्र उप–योजनाः

प्रदेश सरकार द्वारा क्षेत्रीय विषमताओं की पहचान एवं उनको दूर करने के लिए पिछड़ा क्षेत्र उप योजना शुरू किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए एक व्यापक नीति 1995–96 से हिमाचल प्रदेश में कार्यान्वित की जा रही है। पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना से सम्बन्धित नीति में सरकार के निर्णयानुसार समय–समय पर आवश्यक संशोधन किए जाते हैं। नीति की मुख्य विशेषताएं निम्न प्रकार से हैंः–

(क) पिछड़ा क्षेत्र उप योजना राज्य के दस जिलों में (जनजातीय जिलों को छोड़कर) कार्यान्वित किया जा रहा हैं।

(ख) पिछड़ा क्षेत्र उप योजना में पिछड़ा घोषित क्षेत्रों को निम्न तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया हैः–

(i) **पिछड़े घोषित विकास खण्ड** : ऐसे सभी विकास खण्ड जिनमें 50 प्रतिशत या इससे अधिक पंचायतें पिछड़ी घोषित हों, पिछड़े विकास खण्ड घोषित किए गए हैं। प्रदेश में कुल दस विकास खण्ड पिछड़े घोषित हैं जिनमें कुल 392 पिछड़ी पंचायतें आती हैं ।

(ii) **कंटीगुअस (Contiguous) पंचायतें** : ऐसी सभी पांच या पांच से अधिक पिछड़ी घोषित पंचायतें जिनके भौगोलिक क्षेत्र एक दूसरे से मिलते हों को पिछड़ी पंचायतों का समूह घोषित किया गया। प्रदेश में कुल 15 पिछड़ी पंचायतों के समूह घोषित हैं जिनमें कुल 137 पिछड़ी पंचायतें आती हैं।

(iii) **बिखरी पंचायतें (Dispersed)**: जिन पिछड़ी घोषित पंचायतों का भौगोलिक क्षेत्र एक दूसरी पिछड़ी पंचायत से नहीं लगता हो अथवा पिछड़ी पंचायतों का समूह पांच पंचायतों से कम हो ऐसी पंचायतों को बिखरी पंचायतें घोषित किया गया। प्रदेश में कुल 125 बिखरी हुई पिछड़ी पंचायतें हैं।

(ग) चयनित 13 विकास शीर्षो में पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना के लिए परिव्यय चिन्हांकित किया जाता है ।

(घ) लाभार्थी एवं क्षेत्र मूलक, दोनों प्रकार की, योजनाओं को अपनाया गया है।

(ङ) जिलों को पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना के अन्तर्गत बजट आवंटन, जिले में विद्यमान कुल पिछड़ी पंचायतों के अनुपात मे किया जाता है ।

(च) उप–योजना का प्रबन्धन, जिला योजना, विकास एवं बीस सूत्रीय कार्यक्रम समीक्षा समिति के अनुमोदन पश्चात, उपायुक्तों के माध्यम से किया जाता है। उपायुक्तों एवं जिला योजना अधिकारियों को इस उप–योजना का क्रमशः नियंत्रण तथा आहरण एवं वितरण अधिकारी घोषित किया गया है ।

प्रदेश में वर्ष 2024–25 तक कुल 3615 पंचायतों में से 654 पंचायतें पिछड़ी घोषित की गई हैं। सरकार द्वारा उप–योजना के लिए अलग बजट की व्यवस्था मांग संख्या–15 (योजना एवं पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना) में की जाती है। वितीय वर्ष 2024–25 के लिए मु0 105.61 करोड़ रू0 का बजट जिलों को पूंजीगत कार्यों के लिए आबंटित किया गया था।

जिलावार पिछड़ी पंचायतों की संख्या तथा वर्ष 2024–25 के लिए पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना के लिए पूंजीगत परिव्यय/व्यय का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

(राशि रू0 में)

क्रम संख्या	**जिला**	**पिछड़ी घोषित पंचायतों की संख्या**	**पिछड़ा क्षेत्र उप योजना 2024–25 परिव्यय/व्यय (पूंजीगत)**	
			बजट	**व्यय**
1	**2**	**3**	**4**	**5**
1	बिलासपुर	15	242,22,472	224,20,638
2	चम्बा	176	2842,10,412	2277,74,472
3	हमीरपुर	14	226,07,645	149,39,089
4	काँगड़ा	18	290,66,969	190,36,696
5	कुल्लू	91	1469,49,694	494,54,651
6	मण्डी	208	3358,85,020	1873,48,901
7	शिमला	95	1534,09,019	1100,56,562
8	सिरमौर	29	468,30,123	185,83,727
9	सोलन	4	64,59,323	18,85,931
10	ऊना	4	64,59,323	23,92,154
	योग	**654**	**105,61,00,000**	**65,38,92,821**

2. 20–सूत्रीय कार्यक्रम प्रभागः

बीस सूत्रीय कार्यक्रम–2006 सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप प्रदेश में कार्यान्वयन किया जा रहा है ।

बीस सूत्रीय कार्यक्रम, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के निर्धन व्यक्तियों की निर्धनता दूर करने एवं उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के उददेश्य से कार्यान्वित किया जा रहा है । बीस सूत्रीय कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक–आर्थिक पहलुओं जैसे कि गरीबी उन्मूलन, रोजगार, शिक्षा, आवास, स्वास्थ्य, कृषि, भू–सुधार, सिंचाई, पेयजल, समाज के कमजोर वर्गों के संरक्षण एवं सशक्तिकरण, उपभोक्ता संरक्षण, पर्यावरण, ई–गवर्नेंस, इत्यादि कार्यक्रमों को शामिल किया गया है ।

राष्ट्रीय स्तर पर सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा बीस सूत्रीय कार्यक्रम–2006 में शामिल कार्यक्रमों/योजनाओं को राज्य सरकार एवं सम्बन्धित केन्द्रीय नोडल मत्रांलयों से प्राप्त प्रगति प्रतिवेदनों के आधार पर अनुश्रवण किया जाता है ।

पुनःसंरचित बीस सूत्रीय कार्यक्रम–2006 में मूल रूप में 20 सूत्र और 65 अनुश्रवण योग्य मदें हैं जो कि प्रत्येक राज्य तथा प्रत्येक वर्ष के लिए अलग–अलग होती हैं । 2009–10 तक बीस सूत्रीय कार्यक्रम–2006 के कार्यान्वयन का आकलन भारत सरकार द्वारा राज्यों की रैंकिंग के आधार पर होता था परन्तु उसके उपरान्त रैंकिंग को समाप्त कर दिया गया है ।

2007 से बीस सूत्रीय कार्यक्रम–2006 के समन्वय, समीक्षा, अनुश्रवण तथा त्रैमासिक / वार्षिक प्रगति प्रतिवेदनों हेतु योजना विभाग को नोडल विभाग घोषित किया गया है। राज्य सरकार बीस सूत्रीय कार्यक्रम के लक्ष्यों के प्रभावी कार्यान्वयन और प्राप्ति के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। राज्य और जिला स्तर पर तिमाही आधार पर बीस सूत्रीय कार्यक्रम के लक्ष्यों/उपलब्धियों की नियमित रूप से निगरानी की जाती है।

जिला स्तरीय योजना, विकास एवं बीस सूत्रीय कार्यक्रम समीक्षा समितियाँ सभी जिलों में त्रैमासिक बैठकों में बीस सूत्रीय कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करती हैं। इन बैठकों की अध्यक्षता माननीय मुख्य मन्त्री/मन्त्री/विधायक द्वारा की जाती है । इसके अतिरिक्त सभी जिलों में उपायुक्त/ अतिरिक्त उपायुक्त / अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी/ जिला योजना अधिकारी भी समय–समय पर जिलों में आयोजित की जाने वाली विभिन्न बैठकों में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बीस सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा/ अनुश्रवण करते हैं।

3. आकांक्षी जिला कार्यक्रमः–

आकांक्षी जिला कार्यक्रम जनवरी 2018 में 112 अति पिछड़ें जिलों में शूरू किया गया। जिला चम्बा हिमाचल प्रदेश से आंकाक्षी जिला कार्यक्रम में शामिल किए गए जिलों में से एक था। राज्य इस कार्यक्रम के तहत मुख्य संचालन के रूप में प्रत्येक जिलों के सुधार पर ध्यान केन्द्रित करेंगे तथा उन बिन्दुओं की पहचान करेंगे जिसमें सुधार की सम्भावना मौजूद है। इसी आधार पर नीति आयोग जिलों की मासिक आधार पर रैंकिंग प्रदान करेंगे। आकांक्षी जिला कार्यक्रम 49 विभिन्न प्रदर्शन संकेतकों की निगरानी करता और चैंपियन ऑफ चेंज डैशबोर्ड पर सम्बन्धित जिलों द्वारा अपलोड किए जा रहे रीयल–टाइम डेटा ट्रैकिंग के माध्यम से आंकाक्षी जिलों के सुधार का विश्लेषण करता है। अच्छे रैंक प्राप्त करने वाले जिलों को नीति आयोग द्वारा पुरस्कृत किया जाता है।

मार्च, 2024 में ओवरओल अच्छे प्रर्दशन के आधार पर चम्बा जिला को पाँच करोड़ रूपये की अतिरिक्त राशि अधिकृत की गई है, जिसका प्रस्ताव जिला चम्बा द्वारा नीति आयोग को भेजा जाना प्रस्तावित है।

4. आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रमः–

माननीय प्रधान मन्त्री द्वारा आंकाक्षी ब्लॉक कार्यक्रम जनवरी 2023 में शुरू किया गया। शुरूआत में इस कार्यक्रम में देश भर से 500 ब्लॉकों को शामिल किया जाऐगा। इस कार्यक्रम को आकांक्षी जिला कार्यक्रम के पैटर्न के आधार पर लागू किया जाऐगा। नीति आयोग राज्यों के साथ साझेदारी में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास एवं बुनियादी ढांचा आदि क्षेत्रों को कवर करने वाले विकास संकेतकों और उनके प्रदर्शन के आधार पर आकांक्षी ब्लॉकों की तिमाही रैंकिंग जारी करेगा। वर्ष 2024–25 में, ओवरओल अच्छे प्रर्दशन के आधार पर तिमाही सितम्बर 2023 के लिए ब्लॉक पांगी एवं ब्लॉक किन्नौर के लिए दो करोड़ रूपये तथा तीन करोड़ रूपये की अतिरिक्त राशि अधिकृत की गई है, जिसका प्रस्ताव नीति आयोग को भेजा जाना प्रस्तावित है। राज्य सरकार ने 6 अल्प विकसित विकास खण्डों को आकांक्षी ब्लॉक चयनित किया है, जिन्हें नीति आयोग द्वारा भी अनुमोदित किया गया है जिसका विवरण निम्नलिखित हैः–

1. पांगी ब्लॉक, जिला चम्बा।
2. तीसा ब्लॉक, जिला चम्बा।
3. पूह ब्लॉक, जिला किन्नौर।
4. निरमण्ड ब्लॉक, जिला कुल्लू।
5. कुपवी ब्लॉक, जिला शिमला।
6. छौहारा ब्लॉक, जिला शिमला।

IV. क्षेत्रीय एवं जिला नियोजन प्रभाग

राज्य स्तर पर योजना विभाग में विभिन्न विकेन्द्रीकृत नियोजन कार्यक्रमों के संचालन तथा अनुश्रवण के लिए क्षेत्रीय एवं जिला नियोजन प्रभाग की स्थापना की गई है। विभिन्न विकेन्द्रीयकृत नियोजन कार्यक्रमों का विवरण निम्न प्रकार से है :–

1. विकास में जन सहयोग कार्यक्रम :

आधारभूत स्तर पर आधारिक संरचना के रूप में विकासात्मक जरूरतों को पूरा करने के लिए लोगों की प्रभावी हिस्सेदारी सुनिश्चित करने तथा सरकार के प्रयासों / स्त्रोतों को सुदृढ़ करने के लिए विकास में जन सहयोग कार्यक्रम को 1991–92 में शुरू किया गया था। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत लोगों की भागीदारी स्वैच्छिक रूप में व अग्रिम नकद भागीदारी द्वारा है जिसको सम्बन्धित उपायुक्त के नाम बैंक / डाकघर में खोले गए खातों में जमा करवानी पड़ती है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2024–25 के दौरान सभी गैर जनजातीय जिलों को प्रथम तीन तिमाहियों में रु0 4375.00 लाख जारी किये गए। वर्ष 2024–25 में जनजातीय जिलों को इस कार्यक्रम के अन्तर्गत रु0 210.00 लाख एक मुश्त जारी किये गए। वित्तीय वर्ष 2025–26 में इस कार्यक्रम के लिए रु0 100.00 लाख का बजट प्रावधान रखा गया है।

इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं निम्न हैः–

1. शहरी क्षेत्रों में, सामुदायिक और सरकारी अंशदान की लागत भागीदारी 50:50 है, जबकि सरकारी परिसम्पतियां जैसे स्कूल भवन, स्वास्थ्य संस्थान एवं पशु चिकित्सा संस्थान, पेयजल आपूर्ति व सीवरेज़ योजनाओं का निर्माण और हैण्डपम्प स्थापित करने के लिए लागत भागीदारी 25:75 है, लेकिन इस सुविधा का प्रयोग समुदाय के लिए होगा न की किसी परिवार अथवा व्यक्ति विशेष के लिए।

2. ग्रामीण क्षेत्रों में समुदाय और सरकारी अंशदान की लागत भागीदारी 25:75 है, परन्तु जनजातीय क्षेत्रों, पिछड़ा घोषित पंचायतों और मुख्य रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग द्वारा बसे क्षेत्रों में समुदायक और सरकारी लागत भागीदारी 15:85 है।

3. कोई व्यक्ति सार्वजनिक सम्पति, कार्य की लागत का 50% हिस्सा देकर निर्माण करवा सकता है जो विशुद्ध रूप से परोपकारी रूप में हो या अपने पूर्वजों के पुण्यस्मरण के लिए हो।

4. स्वीकृत कार्यों का निर्माण स्वीकृति के एक वर्ष के अन्तराल में पूर्ण करना पड़ता है।

5. जिन परिसम्पतियों का रखरखाव करना होता है उनके रखरखाव के लिए समुदाय और सरकार कार्य की कुल लागत का 10 प्रतिशत अतिरिक्त राशि देने के लिए प्रतिबध है।

6. सभी कार्य जिनकी अनुमानित लागत 5.00 लाख रूपए से अधिक है का निर्माण सरकारी विभागों द्वारा किया जाता है न की सोसाईटियों / स्थानीय समितियों द्वारा।

7. रु0 5.00 लाख रूपए तक के कार्यों का कार्यान्वयन ग्रामीण विकास विभाग के सहायक/ कनिष्ठ अभियन्ता की देख–रेख में किया जाना सुनिश्चित किया जाता है और प्रत्येक कार्य का मापन उस क्षेत्र के कनिष्ठ अभियन्ता / तकनीकी सहायक की माप–पुस्तक (measurement book) में दर्ज किया जाता है।

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्न प्रकार की परियोजनाएं/ परिसम्पतियां स्वीकृत की जा सकती हैः–

1. सरकारी शिक्षण संस्थानों के भवनों का निर्माण।
2. बहुउद्देशीय सामुदायिक/ सार्वजनिक परिसम्पत्ति का निर्माण।
3. मोटर योग्य सड़कों एवं रज्जू मार्गों का निर्माण।
4. सिंचाई योजनाओं / पेयजल स्कीमों का निर्माण/ हैण्ड पम्पों की स्थापना।
5. सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के भवनों का निर्माण।
6. महत्वपूर्ण मिसिंग लिंकस का प्रावधान जैसे कि तीन फेज की बिजली की लाइनें, एक्सरे प्लांट और रोगी वाहन इत्यादि।
7. आवारा जानवरों के लिए गो–सदन की स्थापना।
8. सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने का प्रावधान।

2. क्षेत्रीय विकेन्द्रीकृत नियोजन :

क्षेत्रीय विकेन्द्रीकृत नियोजन कार्यक्रम का कार्यान्वयन वर्ष 1993–94 से प्रदेश में आरम्भ किया गया था। अन्तर क्षेत्रीय सन्तुलित विकास बनाए रखने के लिए निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुसार योजना विभाग द्वारा जिलों को स्वीकृत बजट से धनराशि का आबंटन वर्ष 1981 की जनगणना के अनुसार 60 प्रतिशत जिला की जनसंख्या तथा 40 प्रतिशत जिला के भौगोलिक क्षेत्रफल के आधार पर किया जाता है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत स्थानीय आवश्यकता की स्कीमों व बजट में महत्वपूर्ण मिसिंग लिंक्स इत्यादि का कार्यन्वयन किया जाता है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2024–25 के दौरान सभी गैर जनजातीय जिलों को रु0 8731.95 लाख जारी किये गए। वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये इस योजना के अन्तर्गत रु0 1000.00 लाख का प्रावधान रखा गया है।

विकेन्द्रीकृत नियोजन कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं निम्न हैः–

1. इस कार्यक्रम के अन्तर्गत स्कीमों की स्वीकृति जिला स्तरीय योजना, विकास एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम समीक्षा समिति के पूर्व अनुमोदन के पश्चात ही की जाती है।

2. इस कार्यक्रम के अन्तर्गत केवल ऐसे कार्यो पर ही विचार किया जाना चाहिए जिनके प्राक्कलन तथा डिजाईन तकनीकी रूप से तकनीकी प्राधिकारी / अर्ध सरकारी / सरकारी उपक्रमों में तकनीकी शक्तियों के दायरे में किया हो। सरकारी कर्मियों/तकनीकी अधिकारी जो तकनीकी रूप से प्राक्कलनों को अनुमोदित कर सकता है वह ही कार्य का आकलन और भुगतान के संवितरण को प्राधिकृत करने में सक्षम है।

3. उपायुक्त क्षेत्रीय विकेन्द्रीकृत नियोजन के अन्तर्गत योजनाओं की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृतियां प्रदान करने में पूर्णतः सक्षम है बशर्ते कि चयनित विकास मदों और अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए बजट प्रावधान हो।

4. इस योजना के अन्तर्गत न ही किसी भी प्रकार के आवर्ती व्यय/ दायित्व और न ही स्वीकृतियाँ को इकट्ठा व किसी कार्य को वितीय वर्ष से अधिक चरणबद्ध करना स्वीकार्य है।

5. इस कार्यक्रम के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यो को समुदाय को लाभान्वित करना चाहिए जिसमें कम से कम पाँच परिवार होने चाहिए। कोई भी कार्य व्यक्ति विशेष / एकल परिवार को लाभान्वित करता हो इस कार्यक्रम के अन्तर्गत नही किया जाता है।

6. क्षेत्रीय विकेन्द्रीकृत नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत उन्हीं कार्यो को स्वीकृत किया जाता है जिनका निर्माण एक ही वितीय वर्ष या स्वीकृति से एक वर्ष के अन्तराल में किया जाना होता है।

3. विधायक क्षेत्र विकास निधि योजनाः

प्रदेश सरकार ने विकेन्द्रीकृत प्रकिया को सुदृढ़ करने के लिए वर्ष 1999–2000 से "विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना" शुरू की है। इस योजना को वर्ष 2001–02 में बन्द कर दिया था परन्तु वर्ष 2003–04 में 24.00 लाख रू0 बजट प्रावधान प्रति निर्वाचन क्षेत्र के साथ आरम्भ कर दिया गया। प्रदेश सरकार वर्षानुवर्ष इस योजना के अन्तर्गत बजट प्रावधन बढ़ा रही है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2024–25 के दौरान सभी गैर जनजातीय जिलों को रू0 14347.45 लाख जारी किये गए तथा जनजातीय जिलों को रू0 595.50 लाख एक मुश्त जारी किये गए। प्रदेश में भारी बरसात के कारण हुए नुकसान के दृष्टिगत सरकार ने इस कार्यक्रम के दिशानिर्देशों में विशेष छूट देते हुए इस कार्यक्रम के तहत स्वीकार्य कार्यो में रिटेनिंग वॉल/ब्रेस्ट वॉल के पुनर्निमाण तथा नालों के तटीकरण की अनुमति 31 मार्च 2025 तक प्रदान की गई। सरकार द्वारा इस कार्यक्रम के दिशानिर्देशों में अतिरिक्त प्रावधान करते हुए किसी मुख्यमन्त्री आवास योजना के दिशा–निर्देर्शो के अनुरूप विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना से किसी भी श्रेणी के लाभार्थी को आवास बनाने के लिए अनुशंसा कर सकते है। इसके अतिरिक्त माननीय विधायक कांटेदार तार/जाली तथा सॉलर स्ट्रीट लाईट लगाने हेतु अधिकतम 40.00लाख रूपये की अनुशंसा कर सकते है, किसी भी योजना/कार्य के अंतग्त FCA/FRA

cases हेतु Net Present Value एवं Compensatory Afforestation कर राशि का प्रावधान कर सकते है।

विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना के अन्तर्गत निम्न कार्य किए जा सकते हैः–

1. विभिन्न पाठशालाओं में कमरों का निर्माण।
2. आयुर्वेदिक औषधालयों, पशु चिकित्सा औषधालयों व स्वास्थ्य उप केन्द्रों का निर्माण।
3. हैंड पम्पों की स्थापना।
4. ऐसे गावों के लिये मोटर योग्य अथवा जीप योग्य लिंक सड़कों का निर्माण जो पहले से सड़कों से न जुड़े हुए हों।
5. गांवों में सामान्य सामुदायिक भवनों का निर्माण जो कि ग्रामीण स्तर पर विभिन्न संस्थाओं अथवा प्रयोजनों के लिए प्रयोग किए जा सकें।
6. स्वास्थ्य संस्थानों में ऐसे उपकरणों का प्रावधान जो वहां पहले से विद्यमान न हों जैसे कि एक्सरे मशीनें, अल्ट्रासांऊड मशीनें और ई.सी.जी. मशीनें इत्यादि।
7. स्वास्थ्य संस्थानों के लिए एम्बूलैंस का क्रय बशर्ते कि उस पर होने वाले आवर्ती व्यय के लिए संबंधित संस्था/विभाग के पास पूर्ण व्यवस्था उपलब्ध हो।
8. ग्रामीण सड़कों के लिए छोटे पुलों अथवा पुलियों का निर्माण, विभिन्न खड्डों, नदी–नालों इत्यादि पर पैदल चलने वाले लोगों के लिए Foot Bridges का निर्माण।
9. ग्रामीण रास्ते केवल पक्के concrete based or black topped तथा जिसमें दो पहिया वाहन चल सकें।
10. छूटी हुई बस्तियों के लिए पेय जल योजनायें जहां अतिरिक्त पाईप लगा कर सार्वजनिक नल लगाए जाने की आवश्यकता हो।
11. स्थानीय स्तर की सिंचाई स्कीमें।
12. पाठशालाओं में शौचालयों के निर्माण के अतिरिक्त बस अड्डों आदि स्थानों पर सार्वजनिक शौचालयों और स्नानगृहों का निर्माण भी करवाया जा सकता हैं।
13. दूर–दराज व ग्रामीण क्षेत्रों में बचे हुए घरों का विद्युतिकरण (LT Extensions).
14. स्कूल भवनों की मुरम्मत तथा स्कूल के खेल मैदानों का निर्माण कार्य।
15. पंचायतों तथा शहरी निकायों में व्यायामशाला के निर्माण का कार्य।
16. बस अड्डों का निर्माण व रख–रखाव।
17. ग्रामीण अथवा शहरी क्षेत्रों में सरकारी भवनों की मुरम्मत जैसे कि सरकारी आयुर्वेदिक औषधालयों, पशु चिकित्सा औषधालयों, स्वास्थ्य संस्थान, सामुदायिक भवन, शैक्षणिक संस्थान इत्यादि।

18. ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में सड़कों की मुरम्मत व रख–रखाव।

19. सामुदायिक Wi-Fi लगाने का प्रावधान (Non-recurring expenditure).

20. निर्माण कार्यों के साथ–साथ–अन्य लोक कल्याणकारी योजनाऐं जैसे कि स्कूलों में बच्चों के बैठने का सामान, स्कूलों में खेल सामग्री, अस्पतालों में बिस्तर तथा कम्बल, जल वितरण में मोटर पम्पों को बदलना ।

21. पंजीकृत महिला मण्डलों को बर्तन व फर्नीचर तथा पंजीकृत युवक मण्डलों को खेल उपकरण (जिम) तथा पंजीकृत स्वयं सहायता समूहों को उपरोक्त मदों के क्रय हेतु अनुदान का प्रावधान (अधिकतम रू0 50,000 प्रति महिला मण्डल/ युवक मण्डल/ स्वयं सहायता समूह)।

22. विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना से विधायक अपनी निधि से (15 लाख पर रूपये तक) ''मुख्यमन्त्री लोक भवन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत बनने वाले सामुदायिक भवन को और बड़ा करने के लिए राशि प्रदान करने हेतु अनुशंसा कर सकते हैं ।

23. शहीदों के बलिदान की स्मृति में शहीदी द्वारों का निर्माण।

24. प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में केवल सामुदायिक लाभ हेतु Overhead/Underground पावर केब्लस को बदलने / नए लगाने का प्रावधान।

25. मुख्यमन्त्री लोक भवन योजना के अन्तर्गत अधूरे कार्यों को पूर्ण करने हेतु राशि का प्रावधान।

26. मुख्यमन्त्री आवास योजना के दिशा–निर्देशों के अनुरूप विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना से किसी भी श्रेणी के लाभार्थी को आवास बनाने के लिए अनुशंसा कर सकते है ।

27. प्रति वर्ष प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में निम्न मदों के लिये अधिकतम मु0 रू0 40 लाख की लागत के कार्य माननीय विधायक द्वारा अनुशंसित किये जा सकते हैः–

    (क) सामुदायिक लाभ हेतु खेतों की जंगली जानवरों एवं पशुओं से सुरक्षा के लिये कांटेदार तार/Chain linked जाली लगाने का प्रावधान।

    (ख) सामुदायिक लाभ हेतु सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने का प्रावधान।

28. किसी भी योजना/कार्य के अंतर्गत FCA/FRA Cases हेतु Net Present Value एवं Compensatory Afforestation की राशि का प्रावधान।

4. मुख्य मंत्री ग्राम पथ योजनाः

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों को नजदीकी मोटर योग्य सड़को से जोड़ने के उद्देश्य से कच्चे रास्तों को पक्का किया जाता है। इसके अतिरिक्त दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सभी मौसम में कनैक्टीविटी प्रदान करने के लिए पुलियों / पुलों का भी निमार्ण किया जाता है। प्रदेश सरकार ने पहाड़ी और मुश्किल भौगोलिक क्षेत्रों के मध्यनज़र 2 कि0मी0 तक जीप योग्य / ट्रैक्टर योग्य सम्पर्क मार्गो के निर्माण की अनुमति दी है। मुख्य मंत्री ग्राम पथ योजना वर्ष 2003–04 में गैर जनजातीय जिलों के लिए आरम्भ की थी। वर्ष

2004–05 में इस योजना को बन्द कर दिया था और वर्ष 2008–09 में पुनः शुरू किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में इस योजना के तहत सभी गैर जन–जातीय जिलों को 735.0 लाख रूपए आवंटित किये गए। वित्तीय वर्ष 2025–26 में इस कार्यक्रम के लिए 100.00 लाख रूपए का बजट प्रावधान रखा गया है।

इस योजना की मुख्य विशेषताएं निम्न हैः–

1. इस योजना के अन्तर्गत बजट धनराशि का आवंटन योजना विभाग द्वारा उपायुक्तों को जिले की वर्ष 1991 की जनगणना के अनुसार कुल ग्रामीण जनसंख्या तथा जिले में आबाद गांवों की संख्या में 50:50 के अनुपात पर किया जाता है।

2. इस योजना के माध्यम से किसी प्रकार के भी आवर्ती राजस्व व्यय के लिए प्रावधान नही किए जाएगें और न ही कच्चे रास्तों के निर्माण के लिए कोई स्वीकृतियां मान्य होंगी।

3. इस योजना के अन्तर्गत निर्मित पक्के सम्पर्क रास्तों का रख–रखाव सम्बन्धित पंचायत अपने स्त्रोत/ राजस्व से करेगें। इस प्रकार का अनुबन्ध स्वीकृति प्रदान करने से पहले सम्बन्धित ग्राम पंचायत से लेना आवश्यक होगा।

4. इस कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माण कार्य के तकनीकी अनुमानों का अनुमोदन ग्रामीण विकास विभाग के कनिष्ठ अभियन्ता / सहायक अभियन्ता/ अधिशासी अभियन्ता निर्धारित तकनीकी शक्तियों के अनुसार करेंगे।

5. इस कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्मित कार्यो को जिला स्तरीय योजना, विकास एवं बीस सूत्रीय कार्यक्रम समीक्षा समिति में अनुमोदित करवाना आवश्यक है।

6. इस योजना के अन्तर्गत निर्मित किए जाने वाले पक्के रास्तों का कार्यान्वयन स्वीकृत धनराशि के अन्दर ही होगा। इस योजना के अन्तर्गत संशोधित स्वीकृति का कोई प्रावधान नहीं होगा।

7. सड़क की अलाइन्मेन्ट (Alignment) लोक निर्माण विभाग से अनुमोदित होनी चाहिए ताकि लोक निर्माण विभाग के मानदंडो के अनुसार जीप योग्य सड़क को बाद में अपग्रेड करके बस योग्य सड़क बनाया जा सके।

5. संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजनाः

संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना नियमित दिशानिर्देशों द्वारा शासित की जाती है, जो पहली बार फरवरी 1994 में जारी किये गए थे और तब से इन्हें समय–समय पर संशोधित किया गया है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मन्त्रालय, भारत सरकार ने नवीनत्तम संशोधित दिशानिर्देश जारी किये हैं जो 1 अप्रैल, 2023 से प्रभावी हो गए है। नए दिशानिर्देशों के तहत निधि प्रवाह की पूरी प्रक्रिया एक आई.टी. प्लेटफॉर्म (E-Sakshi) पर संचालित होगी जिससे माननीय सांसदों और केन्द्रीय एवं राज्य सरकार की एजैंसियों सहित सभी हितधारकों के धन व कार्यों की स्थिति की निगरानी की जा सकेगी। इस योजना के अन्तर्गत सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्रों एवं राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के विकासकार्यों की सिफारिश करते हैं। सांसदों की संस्तुति पर विभिन्न विकासकार्यों के लिये भारत सरकार द्वारा प्रति वर्ष 5.00 करोड़ रु0 की राशि प्रति सांसद जारी की जाती है। इस संदर्भ में 5 मार्च, 2024 को जिला शिमला में संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत संशोधित निधि प्रवाह प्रकिया एंव संशोधित दिशा–निर्देशों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत अनुमत कार्यों की सांकेतिक सूचि

1. सार्वजनिक एवं सामुदायिक भवन
2. सार्वजनिक सुविधाऐं, सुरक्षा और संरक्षा
3. शिक्षा
4. सार्वजनिक स्वास्थ्य
5. पीने का पानी व स्वच्छता
6. सिंचाई, जल निकासी और बाढ़ नियन्त्रण प्रणाली
7. पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन
8. कृषि और किसान कल्याण
9. ऊर्जा आपूर्ति और वितरण प्रणाली
10. रेलवे, सड़कें, पुल और रास्ते
11. पर्यावरण, जंगली जानवर, जंगल और अन्य प्रकृतिक संसाधन
12. सार्वजनिक मनोरंजन सुविधाऐं, खेलकूद और पार्क

V. बाह्य–सहायता प्राप्त परियोजना प्रभागः–

बाह्य–सहायता प्राप्त परियोजनाएं :

बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाएं (ई0ए0पी0) प्रदेश में संसाधनों को पूरक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ये परियोजनाएं हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है तथा जिनके अन्तर्गत राज्य को धन अनुदान व ऋण के रूप में 90:10 के अनुपात में भारत सरकार से प्राप्त होता है।

योजना विभाग में बाह्य सहायता परियोजना प्रभाग को विभिन्न विभागों के परियोजना प्रस्तावों को बाह्य वित्त सहायता प्राप्त करने हेतु परियोजनाओं के विश्लेषण का कार्य दिया गया है। इस प्रभाग का मुख्य कार्य राज्य के परियोजना प्रस्तावों को बाह्य सहायतार्थ केन्द्रीय सरकार को वित्तीय प्रबन्धन के लिए प्रेषित किये जाने से पूर्व उनका तकनीकी, प्रशासकीय एंव वित्तीय पहलुओं के दृष्टिगत राज्य के आर्थिक संसाधनों को देखते हुए विस्तृत विश्लेषण करना है। उपरोक्त के अतिरिक्त यह प्रभाग सभी बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं की समीक्षा एंव अनुश्रवण करता है तथा विभिन्न फंडिंग एजेंसियों के साथ परियोजनाओं के चिन्हांकन एवं समीक्षा हेतु पत्राचार करता है। प्रशासनिक सचिव, योजना, हि0प्र0 सरकार को प्रदेश की सभी बाह्य–सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए राज्य नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है ।

राज्य सरकार सार्वजनिक निर्माण, वानिकी, सिंचाई व सार्वजनिक स्वास्थ्य, बिजली, कृषि, बागवानी एवं शहरी विकास आदि के क्षेत्रों में बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं को लागू कर रही है। इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन से उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य की प्राप्ति के साथ–साथ ग्रामीण जनता के जीवन स्तर को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

बाह्य सहायता एजेंसियों से बाह्य सहायता हेतु परियोजना को भारत सरकार को प्रस्तुत करने से पहले एक प्रारंभिक परियोजना रिपोर्ट (पीपीआर) को अस्थाई वित्तीय विवरण के साथ तैयार करना आवश्यक है । इस संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश सभी विभागों को समय–समय पर अनुपालना हेतु प्रेषित किए जाते हैं । भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुरूप ऐसे सभी प्रस्तावों को भारत सरकार में भेजने से पहले गठित राज्य स्तरीय स्क्रीनिंग समिति द्वारा समीक्षा/अनुमोदन किया जाता है।

1 नवम्बर, 2018 से राज्य क्षेत्र की परियोजना के मामले में प्राथमिक परियोजना प्रस्ताव को आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) के वेब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन भेजा जाना अनिवार्य कर दिया गया है तथा वर्तमान में बाह्य सहायता एजेंसियों से बाह्य सहायता प्राप्त करने के लिए प्रारंभिक परियोजना रिपोर्ट (पीपीआर) ऑनलाइन ही भारत सरकार को प्रेषित की जा रही है। योजना विभाग को इस पोर्टल के संचालन के लिए राज्य नोडल प्राधिकरण के रूप में नामित किया गया है। योजना विभाग ने राज्य की परियोजनाओं को बाह्य सहायता हेतु भारत सरकार को ऑनलाइन प्रेषित करने के लिए व्यापक और सरलीकृत दिशा–निर्देश व प्रक्रिया तैयार कर मौजूदा दिशा–निर्देशों को तदानुसार संशोधित कर अनुपालना हेतु सभी विभागों को प्रेषित किया है।

वर्ष 2024-25 के दौरान क्रियान्वित बाह्य सहायता परियोजनाएँ, पाइपलाइन परियोजनाएँ, नई परियोजनाओं के ऋण हस्ताक्षरित समझौता का विवरण निम्न है :–

1. 2024-25 के दौरान कार्यान्वित बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाएंः

क्र. सं.	परियोजना का नाम	विभाग	परियोजना की लागत (रू0 करोड़ में)	बाह्य सहायता एजैन्सी	शुरू करने की तिथि	समापन तिथि
1	2	3	4	5	6	7
1.	हि0प्र0 फॉरेस्ट ईको सिस्टम जलवायु प्रूफिंग परियोजना	वन	304.76	के0एफ0 डब्लयू	दिसम्बर 2015	मार्च 2026
2.	हि0प्र0 वन पारिस्थितिकी तंत्र प्रबन्धन और आजीविका परियोजना	वन	800.00	जाईका	अप्रैल 2018	मार्च 2028
3.	स्त्रोत स्थिरता और जलवायु अनुकूल वर्षा सिंचित कृषि एकीकृत विकास परियोजना	वन	700.00	विश्व बैंक	मार्च 2020	मार्च 2025
4.	पश्चिमी हिमालय में वन पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं का सतत प्रबन्धन	वन	32.00	बी0एम0जेड	सितम्बर 2021	सितम्बर 2024
5.	ग्रीन ऐनेर्जी कॉरिडोर	विद्युत	840.00	के0एफ0 डब्लयू	अक्तूबर 2015	दिसम्बर 2024
6.	दियोथल चांजू और चांजू–।।।	विद्युत	692.00	ए0एफ0डी0	जुलाई 2017	सितम्बर 2026
7.	हाईड्रो ईलेक्ट्रिक परियोजना देवी कोठी (15 मे0वा0), साई कोठी–।(15 मे0वा0), साई कोठी–।। (16.50 मे0वा0), हेल (18 मे0वा0)	विद्युत	880.00	के0एफ0 डब्लयू	अक्तूबर 2022	जून 2030
8.	हि0प्र0 विद्युत क्षेत्र विकास कार्यक्रम	विद्युत	2066.00	विश्व बैंक	नवम्बर 2023	जून 2028
9.	हि0प्र0 उद्यान विकास परियोजना	उद्यान	1060.00	विश्व बैंक	जून 2016	अक्तूबर 2024
10.	हि0प्र0 उपोषण कटिबन्धीय बागवानी सिंचाई और मूल्य संवर्धन परियोजना हि0प्र0 शिवा परियोजना	उद्यान	1292.00	ए0डी0बी0	जून 2023	जून 2028
11.	हि0प्र0 कौशल विकास परियोजना	तकनीकी शिक्षा	650.00	ए0डी0बी0	मई 2018	जून 2025
12	हिप्र0 जल आपूर्ति और सीवरेज परियोजना	शहरी विकास	280.01	विश्व बैंक	अप्रैल 2019	दिसम्बर 2025
13.	शिमला हि0प्र0 जल आपूर्ति और सिवरेज सेवा वितरण कार्यक्रम	शहरी विकास	1825.00	विश्व बैंक	दिसम्बर 2021	दिसम्बर 2026
14.	हि0प्र0 राज्य सड़क परिवर्तन परियोजना	लोक निर्माण	799.68	विश्व बैंक	अक्तूबर 2020	सितम्बर 2026

15.	हि0प्र0 फसल विविधीकरण उन्नत परियोजना	कृषि	1010.60	जाईका	जुलाई 2021	दिसम्बर 2029
16.	हि0प्र0 ग्रामीण जल आपूर्ति	जल शक्ति	745.00	एन0डी0बी0	जनवरी 2022	अगस्त 2025
17.	हि0प्र0 ग्रामीण पेयजल सुधार एवं आजीविका परियोजना	जल शक्ति	1062.83	ए0डी0बी0	नवम्बर 2022	जून 2028
18.	हि0प्र0 के पांच नगरों में स्वच्छता और जल आपूर्ति	जल शक्ति	817.00	ए0एफ0डी0	मार्च 2023	मार्च 2026
19.	हि0प्र0आपदा जोखिम कमी कार्यक्रम	राजस्व (आपदा प्रबन्धन)	890.00	ए0एफ0डी0	जनवरी 2025	जनवरी 2030
परियोजनाओं की कुल लागत			**16,706.88**			

2. वर्ष 2024-25 के दौरान बाह्य सहायता परियोजना (पाईपलाईन)

क्र. सं.	**परियोजनाओं की सूची**	**विभाग**	**परियोजना की अनुमानित लागत (रू0 करोड़ में)**	**अपेक्षित बाह्य सहायता एजैन्सी**
1	2	3	4	5
1.	हि0प्र0 बुनियादी ढांचा विकास निवेश पर्यटन कार्यक्रम	पर्यटन	2357.00	ए0डी0बी0
2.	निमार्ण और कार्यान्वयन नवाचार शहरी परिवहन परियोजना शिमला (रोपवे, लिफ्ट, एस्केलेटर)	परिवहन	1546.00	एन0डी0बी0
परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत			**3903.00**	

3. वर्ष 2024-25 के दौरान ऋण समझौता हस्ताक्षरित नई परियोजनाएं

परियोजना का नाम	**विभाग**	**परियोजना की लागत (रू0 करोड़ में)**	**बाह्य एजैन्सी**	**अद्यतन स्थिति**
1	2	3	4	5
हि0प्र0आपदा जोखिम कमी कार्यकर्म	राजस्व (आपदा प्रबन्धन)	890.00	ए0एफ0डी0	दिनांक 10 जनवरी 2025 को ए0एफ0डी0 से ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किया गया।

VI. नाबार्ड–ग्रामीण आधारभूत संरचना निधि (आर.आई.डी.एफ.) प्रभागः

वर्ष 1995–96 का वार्षिक बजट प्रस्तुत करते हुए केन्द्रीय वित मन्त्री ने ग्रामीण आधारभूत संरचना निधि की घोषणा करते हुए कहा था कि नाबार्ड राज्य सरकारों के आधारभूत संरचना जुटाने के लिए विभिन्न मदों जैसे मध्यम तथा लघु सिंचाई, भू–संरक्षण तथा अन्य ग्रामीण मूलभूत परियोजनाओं जिसमें ग्रामीण सड़कें, मार्किट यार्ड इत्यादि के लिए ऋण उपलब्ध करवाएगा। आरम्भ में यह योजना आर.आई.डी.एफ–1 के अन्तर्गत चालू स्कीमों को पूर्ण करने के लिए थी जिसमें नाबार्ड से 50 प्रतिशत ऋण सहायता उपलब्ध किए जाने का प्रावधान था । इसके सफलतापूर्वक कार्यान्वयन के फलस्वरूप इस योजना को आर.आई.डी.एफ. II, III, IV,V, VI, VII, VIII, IX, X, XI, XII, XIII, XIV, XV, XVI, XVII, XVIII, XIX, XX, XXI, XXII, XXIII, XXIV, XXV, XXVI, XXVII, XXVIII, XXIX, तथा XXX के अर्न्तगत भी जारी रखा गया है तथा इसकी ऋण सहायता राशि को भी 90/95 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया।

2. राज्य सरकार नाबार्ड से आर0 आई0 डी0 एफ0 के अन्तर्गत अनेक प्रकार के विकासात्मक गतिविधियों के लिए ऋण प्राप्त कर रही है । मुख्य विकासात्मक गतिविधियां जिन के लिए राज्य सरकार ने नाबार्ड से परियोजनाऐं अनुमोदित करवाई है या ऋण सहायता के लिए भेजी हैं, का ब्यौरा निम्न प्रकार से है :–

1. सड़कों एवं पुलों का निर्माण ।
2. सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण ।
3. बाढ़ नियन्त्रण कार्यो का निर्माण ।
4. पेयजल परियोजनाओं का निर्माण ।
5. प्राथमिक पाठशालाओं के भवन का निर्माण ''सरस्वती बाल विद्या संकल्प परियोजना" ।
6. नागरिक सूचना केन्द्रों की स्थापना ।
7. ई–अभिशासन (E-Governance) ।
8. वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में विज्ञान प्रयोगशालाओं का निर्माण ।
9. जल प्रवाह विकास योजना ।
10. पशु स्वास्थ्य के लिए अधोसंरचना का सुदृढ़ीकरण ।
11. Precision Farming पद्धति अपनाकर नकदी फसलों का उत्पादन परियोजना (पोलीहाऊस एवं लघु सिंचाई) ।
12. लघु सिंचाई एवं सम्बन्धित संरचना द्वारा कृषि का विविधीकरण परियोजना ।
13. वातानुकूलित भण्डारण निर्माण ।
14. सौर सिंचाई योजना।
15. पुष्प क्रांन्ति योजना।
16. रोपवेज
17. मल निकासी योजना।

3. नाबार्ड द्वारा दिनांक 31–03–2025 तक प्रदेश सरकार को 12,972.40 करोड़ रू0 की राशि विभिन्न परियोजनाओं के लिए ऋण सहायता के रूप में स्वीकृत की जा चुकी है जिसका ट्रांच वार विवरण निम्नलिखित है :–

(रू0 करोड़ में)

ट्रांच संख्या	**कार्यक्रम की अवधि**	**स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या**	**नाबार्ड ऋण सहायता**	**राज्य अंशदान**	**कुल स्वीकृत राशि**
1.	**2.**	**3.**	**4.**	**5.**	**6.**
आर.आई.डी.एफ -I	1995-96 से 1997-98	77	14.23	4.90	19.13
आर.आई.डी.एफ -II	1996-97 से 1998-99	66	52.96	6.32	59.28
आर.आई.डी.एफ -III	1997-98 से 1999-2000	28	51.12	5.12	56.24
आर.आई.डी.एफ -IV	1998-99 से 2000-01	66	87.81	3.48	91.29
आर.आई.डी.एफ -V	1999-2000 से 2001-02	680	110.36	6.80	117.16
आर.आई.डी.एफ -VI	2000-01 से 2002-03	1053	127.20	10.15	137.35
आर.आई.डी.एफ-VII	2001-02 से 2003-04	325	168.24	8.90	177.14
आर.आई.डी.एफ-VIII	2002-03 से 2004-05	237	169.29	13.80	183.09
आर.आई.डी.एफ -IX	2003-04 से 2005-06	182	141.70	19.35	161.05
आर.आई.डी.एफ -X	2004-05 से 2006-07	146	91.64	9.96	101.60
आर.आई.डी.एफ -XI	2005-06 से 2007-08	266	224.67	29.73	254.40
आर.आई.डी.एफ-XII	2006-07 से 2008-09	379	272.30	36.17	308.47
आर.आई.डी.एफ-XIII	2007-08 से 2010-11	359	308.06	32.55	340.61
आर.आई.डी.एफ-XIV	2008-09 से 2011-12	136	424.82	28.13	452.95
आर.आई.डी.एफ-XV	2009-10 से 2012-13	223	454.13	36.98	491.11
आर.आई.डी.एफ-XVI	2010-11 से 2013-14	186	394.53	37.16	431.69
आर.आई.डी.एफ-XVII	2011-12 से 2014-15	225	423.69	41.81	465.50
आर.आई.डी.एफ-XVIII	2012-13 से 2015-16	164	432.16	44.32	476.48
आर.आई.डी.एफ-XIX	2013-14 से 2016-17	142	496.09	65.18	561.27
आर.आई.डी.एफ-XX	2014-15 से 2017-18	161	707.61	58.89	766.50

आर.आई.डी.एफ-XXI	2015-16 से 2018-19	170	644.94	60.75	705.69
आर.आई.डी.एफ-XXII	2016-17 से 2019-20	125	545.54	60.20	605.74
आर.आई.डी.एफ-XXIII	2017-18 से 2020-21	181	510.60	50.54	561.14
आर.आई.डी.एफ-XXIV	2018-19 से 2021-22	204	544.21	86.04	630.25
आर.आई.डी.एफ-XXV	2019-20 से 2022-23	184	752.47	72.83	825.30
आर.आई.डी.एफ-XXVI	2020-21 से 2023-24	251	844.22	82.02	926.24
आर.आई.डी.एफ-XXVII	2021-22 से 2024-25	208	1134.33	123.27	1257.60
आर.आई.डी.एफ-XXVIII	2022-23 से 2025-26	175	912.16	95.93	1008.09
आर.आई.डी.एफ-XXIX	2023-24 से 2026-27	155	918.81	87.26	1006.07
आर.आई.डी.एफ-XXX	2024-25 से 2027-28	137	1012.51	97.29	1109.80
	कुल योग :(I से XXX)	**6891**	**12972.40**	**1315.83**	**14288.23**

4. दिनांक 31–03–2025 तक उपरोक्त स्वीकृत नाबार्ड ऋण सहायता राशि 12972.40 करोड़ रू0 में से प्रदेश सरकार ने 10143.50 करोड़ रू0 की ऋण राशि नाबार्ड से प्राप्त कर ली है। नाबार्ड से प्राप्त आर0आई0डी0एफ0 कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रतिपूर्ति प्राप्तियों का वर्ष 1995–96 से 2024–25 तक विवरण निम्न तालिका में है :–

(रू0 करोड़ में)

वर्ष	**प्रतिपूर्ति प्राप्तियाँ**
1.	2.
1995-96	1.60
1996-97	5.31
1997-98	35.44
1998-99	40.65
1999-00	56.01
2000-01	106.92
2001-02	116.44
2002-03	141.58
2003-04	142.35
2004-05	83.17
2005-06	125.09
2006-07	140.38
2007-08	200.00
2008-09	220.00
2009-10	300.00
2010-11	294.49

2011-12	305.51
2012-13	400.00
2013-14	350.00
2014-15	400.00
2015-16	500.00
2016-17	500.00
2017-18	500.00
2018-19	625.76
2019-20	700.00
2020-21	663.54
2021-22	699.98
2022-23	839.28
2023-24	800.00
2024-25	850.00
Total	**10143.50**

5. नाबार्ड ऋण के अन्तर्गत लक्ष्य एवं प्राप्तियाँ (2006–07 से 2024–25)

(रू0 करोड़ में)

क्रम संख्या	**वर्ष / ट्रांच**	**ऋण स्वीकृत लक्ष्य**	**उपलब्धियाँ**	**प्रतिशतता**
1.	2006-07 (XII)	277.00	273.48	98.73
2.	2007-08 (XIII)	298.00	299.26	100.42
3.	2008-09 (XIV)	406.00	425.12	104.71
4.	2009-10 (XV)	398.00	454.50	114.20
5.	2010-11 (XVI)	560.00	412.90	73.73
6.	2011-12 (XVII)	540.00	423.69	78.46
7.	2012-13 (XVIII)	500.00	432.16	86.43
8.	2013-14 (XIX)	475.00	496.09	104.44
9.	2014-15 (XX)	765.00	707.61	92.50
10.	2015-16 (XXI)	514.00	644.94	125.47
11.	2016-17 (XXII)	545.00	545.54	100.10
12.	2017-18 (XXIII)	500.00	510.60	102.12
13.	2018-19 (XXIV)	515.00	544.21	105.67
14.	2019-20 (XXV)	700.00	752.47	107.50
15.	2020-21 (XXVI)	800.00	844.22	105.53
16.	2021-22 (XXVII)	1000.00	1134.33	113.43
17.	2022-23 (XXVIII)	800.00	912.16	114.00
18.	2023-24 (XXIX)	800.00	918.81	114.85
19.	2024-25(XXX)	900.00	1012.51	112.50

6. प्रदेश सरकार ने इस कार्यक्रम के अन्तर्गत परियोजना / स्कीमों को नाबार्ड को स्वीकृति के लिए प्रेषित करना तथा योजनाओं की समीक्षा, इत्यादि के सम्बन्ध में योजना विभाग को नोडल विभाग घोषित किया है।

7. वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान आर0आई0डी0एफ0 कार्यक्रम के अन्तर्गत नाबार्ड सहायता प्राप्त परियोजनाओं की समीक्षा हेतु आयोजित बैठकों का ब्यौरा :–

क्रम संख्या	**बैठक का नाम**	**बैठक की तिथि एवं स्थान**	**बैठक की अध्यक्षता**
1.	**2.**	**3.**	**4.**
1.	आर0आई0डी0एफ0 की 67वीं उच्च स्तरीय समिति (HPC) की बैठक	29–08–2024 शिमला	मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार ।
2.	आर0आई0डी0एफ0 की 68वीं उच्च स्तरीय समिति (HPC) की बैठक	08–01–2025 शिमला	मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार ।
3.	विधायकों के साथ बैठके	03 व 04 फरवरी, 2025 शिमला	माननीय मुख्य मंत्री, हिमाचल प्रदेश।
4.	आर0आई0डी0एफ0 की 69वीं उच्च स्तरीय समिति (HPC) की बैठक	28–03–2025 शिमला	सलाहकार (योजना)] हिमाचल प्रदेश सरकार ।

उपरोक्त वर्णित बैठकों के अतिरिक्त, क्षेत्रीय कार्यालय नाबार्ड शिमला में सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ नियमित रूप से समीक्षा बैठकें आयोजित की गई हैं। इन बैठकों में कार्यकारी विभागों के अधिकारियों के अतिरिक्त नाबार्ड एवं योजना विभाग के अधिकारी भी भाग लेते हैं। इन समीक्षा बैठकों में नाबार्ड ऋण पोषित योजनाओं की विस्तृत भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा की जाती है तथा सम्बन्धित विभागों को योजनाओं के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए निर्देश दिए जाते हैं। इन बैठकों से योजनाओं के शीघ्र कार्यान्वयन में काफी सहायता मिलती है। उपरोक्त समीक्षा बैठकों के अतिरिक्त सम्बन्धित प्रशासनिक सचिवों एवं विभागाध्यक्षों के स्तर पर भी समीक्षा बैठकें की जाती हैं। जिला स्तर पर भी सम्बन्धित उपायुक्तों की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठकों में नाबार्ड ऋण पोषित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाती है।

VII. मूल्यांकन प्रभागः–

